न्यायालय सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, भूपालसागर जिला चित्तौडगढ

पीठासीन अधिकारी श्रीमती भावना सिंह (आर0ए0एस0)

प्रकरण संख्या : 43/2022
दायर दिनांक : 13/05/2022
निर्णय दिनांक : 25/05/2022

उनवान

1. दयाराम पिता धूला बैरवा निवासी पारी तहसील भूपालसागर

प्रार्थी

बनाम

1. हेमा पिता भागचन्द जटिया निवासी पारी तहसील भूपालसागर
2. दलु पिता रूपा जटिया निवासी पारी तहसील भूपालसागर
3. उदयराम पिता रूपा जटिया निवासी पारी तहसील भूपालसागर

अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956

: निर्णय :

प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 एल.आर.एक्ट बाबत पत्थरगढी की जाने हेतु इस न्यायालय में प्रस्तुत किया। वकील प्रार्थी उपस्थित। अप्रार्थीगण ने उपस्थित आकर पत्थरगढ़ी की जाने में कोई आपत्ति नहीं होना बताया है। प्रार्थी के प्रार्थना पत्र पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजात अनुसार प्रार्थिया रेकार्डेड खातेदार है। अतः प्रार्थना पत्र व रेकार्ड के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र अर्न्तगत धारा–128 **एल.आर.एक्ट बाबत पत्थरगढी** का स्वीकार किया जाता है। तहसीलदार भूपालसागर को 500– रूपये शुल्क पर मौका कमिश्नर नियुक्त किया जाकर आदेशित किया जाता है कि मौजा पटवार हल्का **पारी तहसील भूपालसागर की आ. सं. 1926 रकबा 0.12 है., 1936 रकबा 0.22 है., 1937 रकबा 0.06 है., 1952 रकबा 0.10 है., आ.सं. 1955 रकबा 0.12 है., आ.सं. 1956 रकबा 0.09 है., आ.सं. 1957 रकबा 0.20 है. आ. 1974 रकबा 0.18 है. है.** हैक्टेयर भूमि में उभयपक्षकारान को जरिये समन नोटिस तलब करवाकर अपने नेतृत्व में सीमांकन की टीम गठित कर चारों दिशाओं की पुख्ता पत्थरगढी की कार्यवाही करे। अगर मौके पर कोई विवाद न हो अथवा मौके पर फसल खड़ी न हो तो ही पत्थरगढी की जावे एवं कमिश्नरी शुल्क का रिकार्ड विधिवत संधारित किया जाकर पालना रिपोर्ट पेश करे। कमिश्नर फीस प्रार्थी से मौके पर प्राप्त करे साथ ही यह भी सुनिश्चित करे कि किसी भी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन नहीं हो। इस आशय बाबत तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 25.05.2022 को खुले न्यायालय में सुनवाया गया ।

(भावना सिंह)
सहायक कलक्टर व
उपखण्ड अधिकारी भूपालसागर

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhawna Singh
Date: 2022.06.01 11:46:57 IST
Reason: SelfAttested